**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**1st Terminal Examination: (2025-2026)**

**Class:- 12** | **Subject:- Hindi**
Time:- 3 Hours | Total :- 80 Marks
Roll: | Sec:
Name of the student:

---

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

**खंड – 'क' (अपठित बोध), अंक - 18**

**1. अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दें :-** **10**

अच्छी बात करने वाला सभी का मान-सम्मान हासिल करता है, जबकि अनावश्यक रूप से तिक्त बात करने वाला अपने तमाम गुणों के बावजूद समाज में समुचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाता। बात व्यक्तिगत संबंधों की करें या राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की, हर जगह बातों की जादूगरी का बोलबाला है। बातों ने बड़े-से-बड़े युद्ध को रोका है तो बड़ा-से-बड़ा युद्ध करवाया है। बातों की महत्ता इससे साबित होती है कि वह सकारात्मक भाव से कही जा रही है या नकारात्मक भाव से। बातें किसी के दिल से निकली हों, वे राग या विराग होती हैं। इसका असर बोलने और सुनने वाले दोनों पर होता है।

कबीर कहते हैं – 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोए, औरन को शीतल करें, आपहूँ शीतल होए। ' किसी व्यक्ति की सफलता इन्हीं राहों से होकर गुजरती है। व्यक्ति की बातें उसके व्यक्तित्व का आइना होती हैं। पहले धैर्य के साथ सुनना, समझना, मनन करना, फिर बोलना, यह कला जिस व्यक्ति में होती है। वह जीवन की हर बाजी को जीतने की क्षमता रखता है। कोई नौकरी-पेशा हो, व्यापारी हो, कलाकार हो, या अन्य कार्य करता हो, सभी की सफलता और स्थायित्व के लिए वाकपटुता आवश्यक है। बातों के संदर्भ में एक आवश्यक बात यह भी है कि व्यक्ति की कथनी और करनी में सामंजस्य आवश्यक है। 'कहना कुछ करना कुछ' जैसी चीजें पूरे समाज को चोटिल करती हैं। आजीवन वास्तविक साधुत्व को जीते राष्ट्रपिता गांधी के विवेकपूर्ण और ओजस्वी वक्तृत्व क्षमता के आगे शक्तिशाली फिरंगी और तमाम लोग नतमस्तक हो जाते थे।

1) बात का महत्व किस पर आधारित होता है ? 1
- i) माहौल पर
- ii) सकारात्मक या नकारात्मक होने पर
- iii) संवेदनशील पर
- iv) बोलने-सुनने पर

2) बापू के आचरण में हमें क्या नहीं मिलेगा ? 1
- i) कथनी-करनी में समानता
- ii) साधुत्व
- iii) जीतने की इच्छा
- iv) वाकपटुता

3) निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है ? 1
- i) बात में सकारात्मक-नकारात्मक ऊर्जा होती है।
- ii) बात सम्मान-अपमान का आधार हो सकती है।
- iii) विवाद का समाधान बात पर आधारित होता है।
- iv) तिक्त बात करने वाले अवगुणी होते हैं।

4) व्यक्ति की सफलता का मार्ग क्या है ? 1

5) युद्ध करवाने और रोकने की जादूगरी का आधार बातें कैसे हो सकती हैं ? 2

6) कबीर के दोहे में वाणी अर्थात बातों की शीतलता से क्या आशय है ? 2

7) कथनी और करनी का भेद समाज को कैसे चोट पहुँचाता है ? 2

**2. अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दें :-** **8**

सामने कुहरा घना है,
और मैं सूरज नहीं हूँ,
क्या इसी अहसास में जिऊँ,
या जैसा भी हूँ नन्हा-सा
एक दिया तो हूँ।

क्यों न उसी की उजास में जिऊँ,
हर आने वाला क्षण
मुझे यही कहता है।
अरे भई, सूरज तो नहीं हो तुम
और मैं कहता हूँ --
न सही सूरज
एक नन्हा दिया तो हूँ,
जितनी भी है लौ मुझमें
उसे ले जिया तो हूँ।
कम-से-कम मैं उनमें तो नहीं
जो चाँद दिल के बुझाए बैठे हैं।
रात को अमावस बनाए बैठे हैं
उड़ते फिर रहे थे जो जुगनू आँगन में
उन्हें भी मुट्ठियों में दबाए बैठे हैं।

1) सामने कुहरा घना है – पंक्ति में 'कुहरा' किस ओर संकेत करता है ? 1

i) अँधेरा ii) धुंध iii) हताशा-निराशा iv) अंधकार

2) 'जैसा भी हूँ, नन्हा-सा एक दिया तो हूँ' – कथन में क्या भाव निहित है ? 1

i) आत्मविश्वास का ii) निराशा का iii) हताश का iv) दृढ़ता का

3) 'जो चाँद दिल के बुझाए बैठे हैं' – पंक्ति द्वारा कवि ने किन्हें संबोधित किया है ? 1

i) आत्मकेंद्रित व्यक्तियों को ii) उत्साहहीन व्यक्तियों को
iii) अहंकारी व्यक्तियों को iv) स्वाभिमानी व्यक्तियों को

4) प्रस्तुत कविता क्या संदेश देती है ? 1

5) कवि ने जीवन के किस दृष्टिकोण पर बल दिया है ? 2

6) कवि ने स्वयं को किस रूप में प्रस्तुत किया है ? 2

## खंड – 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम), अंक – 22

3. **किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए** :- 6

क) फैशन की दुनिया ख) महँगाई की समस्या ग) समाचार पत्र की भूमिका

**4. किन्हीं (चार) प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए :- 4X2 = 8**

क) संपादकीय किसे कहते हैं ? संपादकीय में किसी व्यक्ति का नाम क्यों नहीं होता ?
ख) 'साइबर पत्रकारिता किसे कहा जाता है ?
ग) 'वॉचडॉग' पत्रकारिता क्या है ?
घ) कहानी लेखन के क्या-क्या उद्देश्य होते है ?
ङ) अच्छे फ़ीचर के क्या गुण होते है ?

**5. किन्हीं (दो) प्रश्नों का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :- 2X 4 = 8**

क) पत्रकारिता किसे कहते हैं ? पत्रकारिता के क्या सिद्धांत हैं ?
ख) समाचार लेखन के उल्टा पिरामिड शैली क्या है ? इसे कितने हि बाँटा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।
ग) नाटककार के लिए 'शब्दों ' का क्या महत्व होता है ? स्पष्ट कीजिए ।

## खंड – 'ग' (आरोह और वितान – भाग – 2), अंक – 40

**6. <u>पठित काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से लिखिए</u> :-** **5X 1 = 5**

मैं रोया, इसको तुम कहते हो गाना ,

मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना ;
क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए ,
मैं दुनिया का हूँ एक दीवाना !
मैं दीवानों का वेश लिए फिरता हूँ ,
मैं मादकता नि:शेष लिए फिरता हूँ ,
जिसको सुनकर जग झूम, झुके, लहराए ,
मैं मस्ती का संदेश लिए फिरता हूँ !

1) कवि के दुख से रोने को लोग क्या समझते हैं ?

i) ड्रामा ii) गाना iii) दिखावा iv) छल

2) प्रस्तुत काव्यांश में दुनिया का दीवाना कौन है ?

i) कवि ii) सेनापति iii) राजा iv) समस्त जनता

3) लोग कवि की हर दुख की भावना को कैसे स्वीकारते हैं ?

i) अलग-अलग अर्थों में ii) संगीत की तरह iii) कविताओं की तरह iv) उपरोक्त सभी की तरह

4) 'क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

i) श्लेष ii) यमक iii) अनुप्रास iv) रूपक

5) प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं ?

i) आलोक धन्वा ii) हरिवंशराय बच्चन iii) अरुण कमल iv) कुँवर नारायण

**7. <u>किन्हीं (दो) प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए</u> :--** **2X 2 = 4**

क) 'मुझसे मिलने को कौन विकल' में क्या तथ्य है ?

ख) कविता के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं ?

ग) सूर्योदय होने पर उषा का कौन-सा जादू टूट रहा है ?

**8. <u>किन्हीं (दो) प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए</u> :--** **2X 3 = 6**

क) कविता और बच्चे को समानांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं ?

ख) 'हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे' पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

ग) विप्लवी बादल को देखकर समाज के धनी वर्ग पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

**9. <u>पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से लिखिए</u> :-** **5X 1 = 5**

पड़ोस में एक महानुभाव रहते हैं जिनको लोग भगत जी कहते हैं। यह काम करते, जाने उन्हें कितने बरस हो गए हैं। लेकिन किसी एक भी दिन चूरन से उन्होंने छः आने पैसे से ज्यादा नहीं कमाए। चूरन उनका आस-पास सरनाम है और खुद खूब लोकप्रिय हैं। कहीं व्यवसाय का गुर पकड़ लेते और उस पर चलते तो आज खुशहाल क्या मालामाल होते! क्या कुछ उनके पास न होता! इधर दस वर्षों से मैं देख रहा हूँ, उनका चूरन हाथों-हाथ बिक जाता है। पर वह न उसे थोक देते हैं, न व्यापारियों को बेचते हैं। पेशगी आर्डर कुछ नहीं लेते। बँधे वक्त पर अपनी चूरन की पेटी लेकर घर से बाहर हुए नहीं कि देखते-देखते छह आने की कमाई उनकी हो जाती है। लोग उनका चूरन लेने को उत्सुक जो रहते हैं। चूरन से भी अधिक शायद वह भगत जी के प्रति अपनी सद्भावना का देय देने को उत्सुक रहते हैं। पर छह आने पूरे हुए नहीं कि भगत जी बाकी चूरन बालकों को मुफ्त बाँट देते हैं। कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई उन्हें पच्चीसवाँ पैसा भी दे सके। कभी चूरन में लापरवाही नहीं हुई है, और कभी रोग होता भी मैंने उन्हें नहीं देखा है।

1) लेखक के पड़ोसी महानुभाव कौन हैं ?

i) भगत जी ii) पंडित जी iii) सिंह साहब iv) मिश्रा जी

2) लेखिक के पड़ोसी क्या करते है ?

i) बाज़ार में दुकान है ii) कपड़े के व्यापारी हैं

iii) चूरन बेचते हैं iv) लोहा बेचते हैं

3) भगत जी चूरन कैसे बेचते हैं ?

i) थोक में ii) व्यापारियों के माध्यम से

iii) छोटे-छोटे दुकानदारों के माध्यम से iv) स्वयं घूम-घूम कर

4) भगत जी प्रतिदिन कितने का व्यापार करते हैं ?

i) छह आने का ii) एक रुपए का iii) बारह आने का iv) दस आने का

5) भगत जी अपने सीमित कोटे का चूरन बेचने के बाद बाकी चूरन का क्या करते हैं ?

i) मंदिर में दान करते हैं ii) परिवार के लोग खाते हैं

iii) बच्चों में मुफ्त बाँट देते हैं iv) दूसरे दिन पुनः बेचते हैं

**10. <u>किन्हीं (दो) प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें</u> :- 2X 2 = 4**

क) मायके से आने के बाद भक्तिन ने अपना गुस्सा किस प्रकार शांत किया ?

ख) बच्चों की टोली इंद्र भगवान से किस प्रकार बारिश करवाने की प्रार्थना करती है ?

ग) लुट्टन सिंह को कसरत करने का शौक क्यों लगा ?

**11. <u>किन्हीं (दो) प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें</u> :- 2X3 = 6**

क) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा देने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है ?

ख) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर पैसे की व्यंग्य शक्ति को स्पष्ट करें ।

ग) दंगल में विजयी होने के पश्चात् लुट्टन सिंह की जीवन शैली में क्या परिवर्तन आ गया था ?

**12. <u>वितान – 2 , के आधार पर किन्हीं (दो) प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें</u> :-- 2X5 = 10**

1) किशनदा का बुढ़ापा सुखी क्यों नहीं रहा था ?

2) यशोधरा बाबू को ऐसा क्यों लगता है कि उनका बड़ा बेटा भूषण अपने पैसों के बारे में घर में कुछ ज्यादा ही चर्चा करता है ?

3) देसाई ने लेखक के पिता की खूब हजामत किस प्रकार बनाई ?